# जब होती करुण पुकार | By Vijay Soni |

जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है,
जब पड़ती है दरकार,
सांवरा आता है,
आता है वो आता है,
आता है वो आता है,
जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है।

द्रोपदी पे जब विपदा आई,
व्याकुल हो गई अबला नारी,
श्याम बचा लो लाज हमारी,
झटपट आए कृष्ण मुरारी,
और बढ़ गया चिर अपार,
सांवरा आता है,
जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है,
जब पड़ती है दरकार,
सांवरा आता है।

नानीबाई ने इसे बुलाया,
सेठ सांवरा बन कर आया,
अरब खरब का भात ये लाया,
नरसी भगत का मान बढ़ाया,
करे भक्तो का बेड़ा पार,
सांवरा आता है,
जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है,
जब पड़ती है दरकार,
सांवरा आता है।

अंगुली पर गोवर्धन धर्ता,
मीरा का विष अमृत करता,
गज की ग्राह से रक्षा करता,
दुखियों के दु:ख पल में हर्ता,
ये तो रहता है तैयार,
सांवरा आता है,
जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है,
जब पड़ती है दरकार,
सांवरा आता है।

संकट में ये बने सहायक,
इससे बढ़कर कौन है नायक,
'बिन्नू' इसका बन जा पायक,
इसकी दया ही है फलदायक,
प्रेमी से करता प्यार,

सांवरा आता है,
जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है,
जब पड़ती है दरकार,
सांवरा आता है।

जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है,
जब पड़ती है दरकार,
सांवरा आता है,
आता है वो आता है,
आता है वो आता है,
जब होती करुण पुकार,
सांवरा आता है।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%81%e0%a4%a3-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-vijay-soni/